प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने अब 18 वर्ष की उम्र से ही युवतियों को मंइयां सम्मान योजना का लाभ देने का किया फैसला, मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, रक्षा राज्य मंत्री ने रांची नगर निगम की व्यवस्था पर उठाये सवाल।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ किया संवाद, बोकारो की शिक्षिका डा. आशा रानी से कहा– बच्चों को वैदिक मैथमैटिक्स से करायें अवगत।
- जामताड़ा से पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, जमशेदपुर में हत्याकांड के पांच आरोपी पकड़े गये।
- मौसम विभाग ने रांची के अलावा पलामू और कोल्हान प्रमंडल में कई स्थानों पर अगले चार दिन भारी बारिश का जारी किया येलो अलर्ट, वज्रपात की भी चेतावनी।

****

राज्य मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में लाभुकों की उम्र सीमा घटाकर 18 वर्ष करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 63 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि सहायक पुलिसकर्मियों को एक वर्ष का अवधि विस्तार दिया गया है और उनके मानदेय को बढ़ाकर 13 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

****

राज्य सरकार ने वकीलों के हित में तीन बड़े फैसले लिये हैं। 65 साल से अधिक उम्र वाले वैसे वकीलों को सरकार हर महीने सात हजार रुपये पेंशन देगी, जिन्होंने अपना लाइसेंस सरेंडर कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। इसके अलावा नये वकीलों को तीन साल तक पांच हजार रुपये का वजीफा और करीब 30 हजार वकीलों को पांच लाख रुपये के चिकित्सा बीमा की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड अधिवक्ताओं के कल्याण को लागू करने वाला एकमात्र राज्य है और यह पूरे देश के लिए एक उदाहरण स्थापित करने जा रहा है।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। गिरिडीह जिले में सरिया महाविद्यालय परिसर में चार कमरों के भवन की आधारशिला रखने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित योजनाओं में लगातार वित्तीय अनियमतता की शिकायत मिल रही है और यह सरकार के संरक्षण के बिना संभव नहीं है।

****

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि रांची को राजधानी बने 24 साल हो गये लेकिन अभी भी यहां मूलभूत नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है। श्री सेठ ने निगम के अधिकारियों को खामियों को दूर करने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का निर्देश दिया।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की। श्री मोदी ने उनके साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव के बारे में चर्चा की और मातृभाषा में शिक्षा के महत्व पर बल दिया। संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए बोकारो की शिक्षिका डा. आशा रानी ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किये।

प्रधानमंत्री ने डा. आशा रानी को बच्चों वैदिक मैथमैटिक्स से अवगत कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वैदिक मैथमैटिक्स से बच्चों में गणित के प्रति रुचि बढ़ सकती है।

****

साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने जामताड़ा जिले से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बाकरिब ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****

उधर, जमशेदपुर में चर्चित शक्ति नाथ सिंह हत्याकांड में संलिप्त पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि यह हत्या जमीन विवाद के कारण हुई। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

****

खूंटी के मुरहू प्रखंड क्षेत्र की बेटी डॉक्टर सोनाली चौधरी ने नीट पीजी 2024 में ऑल इंडिया स्तर पर छठवां रैंक प्राप्त किया है।

****

झारखंड में गणेश चतुर्थी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रांची समेत राज्यभर में घरों और सार्वजनिक पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गयी है। जमशेदपुर में मनिफिट जागृति क्लब के गणेश उत्सव पूजा पंडाल का उद्घाटन रांची के विधायक सीपी सिंह और पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप से किया। उधर, पाकुड़ जिले में भी गणेश चतुर्थी को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया।

****

मौसम विभाग ने अगले चार दिन रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसका असर राज्य के कई हिस्सों में दिख सकता है। रांची में इसका असर नौ और 10 सितंबर को हो सकता है। आज राज्य के पलामू और कोल्हान प्रमंडल में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

****